# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक– 6

दिनांक 8/3/2007

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 07.03.2007 को दैनिक समाचार–पत्रों में सर्वे प्रतिवेदन के आधार पर बिहार सरकार की वित्तीय स्थिति पर दिये गये बयान में यह कहा गया है कि बिहार सरकार के मुलाजिम देश भर के कर्मियों के मुकाबले सबसे अमीर हैं एवं इनका औसत वार्षिक वेतन 1.80 लाख (प्रति एक) हैं जबकि केन्द्र सरकार के कर्मियों के वेतन पर सालाना 1.21 लाख (प्रति एक) के दर से खर्च होता है।

राज्य सरकार का यह वयान न केवल भ्रामक है बल्कि तथ्य से परे भी है। राज्य सरकार के इस प्रकार के वयान से आम लोगों में सरकारी कर्मियों के प्रति भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

अतः ''संघ'' का यह दायित्व होतो है कि इस प्रकार त्रुटि–पुर्ण सर्वे प्रतिवेदन के आधार पर दिये गये वयान पर अपना विरोध दर्ज करे।

हम सभी अवगत हैं कि फिटमेंट कमिटि के अनुसार बिहार सरकार के कर्मियों को केन्द्र सरकार के कर्मियों के अनुरूप हु–बहू वेतनमान एवं सुविधाएं नहीं दी गई हैं, फलस्वरूप 10 वर्षो के अंतराल के बाद भी हम बिहार सरकार के कर्मी केन्द्र सरकार के कर्मियों के अनुरूप हु–बहू वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं भी मांग कर रहें हैं। कई सेवाओं एवं संवर्गो, का वेतनमान केन्द्रीय कर्मियों के वेतनमान से कम है। उदाहरण के तौर पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का वेतनमान 2200–4000/–रू0 का प्रतिस्थानी वेतनमान 8000–13500/– रू0 निर्धारित किया जाना चाहिए था, परन्तु इसे 6500–10500 का वेतनमान दिया जा रहा है। माननीय मुख्य मंत्री ने इस विसंगति को सुधार करने को आदेश दिया है परन्तु इसमें अभी तक सुधार नहीं किया जा सका है।

राज्य सरकार के कर्मियों को एल0टी0सी0 की सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि केन्द्र सरकार के कर्मियों को प्रत्येक 3 वर्षो में भारत दर्शन का सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार केन्द्रीय कर्मियों को चिकित्सीय अनुदान के रूप में आवश्यकतानुसार असिमित राशि उपलब्ध करायी जाती है, परन्तु राज्य सरकार के कर्मियों को वार्षिक 1200/–रू0 की दर से चिकितसा भत्ता का भुगतान किया जाता है।

इसके बावजूद अगर सरकार यह दावा करती है कि प्रत्येक केन्द्रीय कर्मी पर होने वाले व्यय राज्य सरकार के कर्मियों से कम है तो हम बिहार सरकार से यह मांग करते हैं कि हमें शत–प्रतिशत केन्द्रीय कर्मियों के अनुरूप वेतन, भत्ता एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये। इससे राज्य एवं राज्य कर्मियों का भला होगा।

8/3/07
(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

8/3/07
(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक–  दिनांक.............................

ज्ञापांक 6 /वि0प्र0से0संघ, पटना/दिनांक 8 मार्च, 2007

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार/वित्तायुक्त, बिहार/मा0 मुख्य मंत्री के सचिव, बिहार/विशेष सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

ज्ञापांक 6 /वि0प्र0से0संघ, पटना/दिनांक 8 मार्च, 2007

प्रतिलिपि– निदेशक, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी, पटना को सूचनार्थ प्रसारनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– संपादक सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी/यू0एन0आई0/पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव